प्रदेश में पहले चरण के मतदान के लिये अधिसूचना जारी

चर्चा में क्यों?

13 अक्तूबर, 2023 को छत्तीसगढ़ में विधानसभा आम चुनाव के पहले चरण के लिये अधिसूचना जारी कर दी गई। इसके साथ ही नामांकन प्रक्रिया की शुरुआत हो गई।

प्रमुख बिंदु

- प्रथम चरण में बस्तर संभाग की 12 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों समेत राजनांदगाँव, मोहला-मानपुर अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई तथा कबीरधाम ज़िलों के 08 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिये नामांकन पत्र दाखिल किया जाना है।
- उल्लेखनीय है कि प्रदेश में दो चरणों में हो रहे निर्वाचन के पहले चरण की 20 सीटों के लिये 20 अक्तूबर तक नामांकन पत्र भरे जा सकते हैं।
- 21 अक्तूबर को नामांकन पत्रों की जाँच की जाएगी तथा प्रत्याशी 23 अक्तूबर तक अपना नाम वापस ले सकेंगे।
- प्रथम चरण के लिये 07 नवंबर को मतदान होगा, जबकि दोनों ही चरणों के लिये मतगणना 03 दिसंबर को होगी।
- प्रथम चरण में कोंटा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, चित्रकोट, जगदलपुर, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागाँव, केशकाल, कांकेर, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़, मोहला-मानपुर, खुज्जी, डोंगरगाँव, राजनांदगाँव, डोंगरगढ़, खैरागढ़, कवर्धा और पंडरिया विधानसभा क्षेत्रों के लिये मतदान होगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/notification-issued-for-first-phase-of-voting-in-the-state